प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थी नामी कम्पनी में चयनित

पंतनगर। 04 जनवरी 2023। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में अध्ययनरत (जून 2023 उत्तीर्ण वर्ष) 10 विद्यार्थियों का मै. इन्डजिनि लिमिटेड (डे॑ प्दकमहमदम स्जकण) कम्पनी द्वारा चयन किया गया। कम्पनी मै. इन्डजिनि लिमिटेड द्वारा इस वर्ष प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी एवं सूचना प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों का सेवायोजन हेतु साक्षात्कार कर 10 विद्यार्थियों क्रमशः ईशा तोमर, सूर्यांश देव, ऋतिक कुशवाहा, पल्लवी ठुकराल, अभय भट्ट, दिव्यांशु सोनवाल, कशिश, जगदीश नाथ, अवि कुमार शर्मा एवं अरुशी सक्सेना का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष पैकेज रू. 5.50 लाख देय होगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की अधिष्ठाता, डा. अलकनन्दा अशोक एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के प्राध्यापक, डा. डी.एस. मूर्ति ने ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।











